राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने स्व० चौधरी चरण सिंह एवं स्व० रामवृक्ष बेनीपुरी के जन्म दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया

पटना, 23 दिसम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौधरी चरण सिंह एवं हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्व० रामवृक्ष बेनीपुरी के जन्म दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो० जमा खान एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० चौधरी चरण सिंह एवं स्व० रामवृक्ष बेनीपुरी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन व गीत प्रस्तुत किए गए।

....